# मछली पालन के लिए कुवैत के साथ एमओयू

**सीएम ने कहा, एग्रीमेंट नया इतिहास रचेगा**

**7430 करोड़ रुपए का होगा निवेश**



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 6 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता की समृद्धि के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है. इसी उद्देश्य से किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश में पशुपालन, मत्स्य पालन जैसी आय बढ़ाने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित या बढ़ावा दिया जा रहा है.**

प्रदेश में तालाबों और जलाशयों के बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. आज कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच हुआ एग्रीमेंट प्रदेश में मत्स्य पालन और मछुआ कल्याण के क्षेत्र में नया इतिहास रचेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी- ज़बेदी अल कुवैत फिशरीज कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच, प्रदेश में 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए. यह एग्रीमेंट मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत हुआ है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एग्रीमेंट पर हुए हस्ताक्षर के बाद यह विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार, विधायक रामेश्वर शर्मा तथा कुवैत फिश ट्रेड यूनियन के निदेशक मंडल के अध्यक्ष फारेस बौकम्मा उपस्थित थे.

**1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स का होगा उत्पादन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुए एग्रीमेंट के दौरान जानकारी दी गई कि मप्र एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 के तहत राज्य में आधुनिक निर्यातोन्मुखी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य उद्योग के विकास के लिए निजी एवं विदेशी निवेश आकर्षित करने का प्रावधान है. अनुबंध के तहत 7 हजार 430 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में केज कल्चर सहित बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा. केज कल्चर के जरिये लगभग 4 लाख टन का अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन अपेक्षित है. इसके साथ ही एक्वापोनिक्स, हाइड्रोपोनिक्स, ग्रीन हाउस से 1 लाख 23 हजार टन वेजिटेबल्स आदि का भी उत्पादन होगा. प्रदेश में हो रही इस नई पहल से 15 हजार प्रत्यक्ष और 20 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे. प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रुपए के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य है. राज्य सरकार की इस पहल से प्रदेश के मछुआरे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे.

## आयोग ने मांगी पंचायतों में रिक्त पदों की जानकारी

**भोपाल, 6 जुलाई.** सचिव मप्र राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 30 जून तक विभिन्न पंचायतों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों की ऑनलाइन जानकारी 13 जुलाई तक प्रमाणीकरण सहित उपलब्ध करायें. उन्होंने कहा है कि इसी जानकारी के आधार पर पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप निर्वाचन करवाये जायेंगे. ऑनलाइन जानकारी भेजने में कोई कठिनाई हो तो राज्य निर्वाचन आयोग की आईटी शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है.



# जिलों में मूसलाधार बारिश बाघ नदी उफान पर आई

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 06 जुलाई. प्रदेश में पिछले 24 घंटो के दौरान कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई. सोमवार को देर शाम राजधानी भोपाल सहित जिलों में बारिश होने से मौसम पूरी तरह ठंडा रहा. उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर भी बारिश हुई. शेष सभी संभागों के जिलों में मौसम शुष्क रहा.**

प्रदेश में लगातार बारिश होने से बालाघाट में महाराष्ट्र सीमा से लगी बाघ नदी उफान पर आ गई. नदी के उफान पर आने से पुल निर्माण के दौरान एक कार, जेसीबी और लोडर तेज बहाव में बह गए. डिंडौरी में नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ने से कई घरों में पानी घुस गया. जिलों में बारिश को मौसम विभाग ने पूर्व में ही अलर्ट जारी किया. मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अलीराजपुर, नर्मदापुरम, सीधी, रीवा, सतना सहित जिलों में भारी बारिश के आसार बने हैं. जिलों में बारिश की संभावना के देखते हुए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही विदिशा, सीहोर, हरदा, सिंगरौली, उमरिया सहित जिलों में येलो अलर्ट जारी है. श्योपुर कलां, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच सहित जिलों में आने वाले समय में बारिश के दौरान 50 किमी प्रति घंटे तक की गति से हवा चल सकती है. राजगढ़, झाबुआ, अलीराजपुर, धार सहित जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना बनी है. प्रदेश में जुलाई के महीने में बारिश होने से कई नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ा है.

**▸ भोपाल सहित जिलों में हुई बारिश**

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले 24 घंटो में, अधिकतम तापमान शहडोल संभाग के जिलों में 3.1 डिग्री सेल्सियस तक काफी गिरे, इंदौर संभाग के जिलों में 2.4 डिग्री सेल्सियस तक काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. इंदौर संभाग के जिलों में सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस तक कम रहा. रीवा, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8-2.4 डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा.

## एक नजर में

### अवैध शराब पर आबकारी का शिकंजा

**सिंगरौली,** जिले में अवैध शराब के संग्रहण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए देवसर एवं बैढ़न वृत्त में छापेमार कार्रवाई की। देवसर वृत्त के ग्राम चिनगो में आरोपी प्रेमलाल वैश्य एवं लल्लेराम विश्वकर्मा जबकि बैढ़न वृत्त के नौगई चमेली मोड़ में आरोपी प्रभुदयाल शाह के मकान और दुकान की तलाशी के दौरान कुल 53 पाव देशी प्लेन शराब, 53 पाव टेन-4 व्हिस्की तथा 9 केन बीयर बरामद की गई। आबकारी विभाग ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### समीर वारसी हटाए गए

**सिंगरौली,** बरगवां थाने की कुर्सी पर हुआ अचानक बदलाव अब महज प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि सियासी गलियारों में चर्चा का बड़ा मुद्दा बन गया है। दरअसल बरगवां थाना प्रभारी समीर वारसी को अचानक लाइन अटैच किए जाने के बाद पूरे मामले ने राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। आधिकारिक तौर पर कारण स्पष्ट नहीं किए गए, लेकिन अंदरखाने अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कोई इसे प्रशासनिक सख्ती बता रहा है, तो कोई इसे दबाव की राजनीति से जोड़कर देख रहा है। दिलचस्प यह है कि नए थाना प्रभारी की नियुक्ति अब तक नहीं हो पाई है, जिससे स्थिति और रहस्यमय हो गई है।



# सुन्नी बांध का ठेका बीएचईएल को

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 06 जुलाई. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से एसजेवीएन लिमिटेड की हिमाचल प्रदेश स्थित सुन्नी बांध जलविद्युत परियोजना के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर हासिल किया है.**

इस परियोजना में 73 मेगावाट क्षमता की पांच तथा 17 मेगावाट क्षमता की एक टर्बाइन-जनरेटर इकाई स्थापित की जाएगी. परियोजना के लिए आवश्यक टर्बाइनों का डिजाइन एवं विकास बीएचईएल, भोपाल स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस-हाइड्रो प्लांट द्वारा किया गया है. परियोजना के तहत विकसित टर्बाइन मॉडल का सफल परीक्षण 29 जून से 3 जुलाई 2026 के बीच बीएचईएल, भोपाल में एसजेवीएन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया.

# उच्च शिक्षा विभाग एमपी का बड़ा फैसला

**▸ पीजी के दूसरे सेमेस्टर में वैल्यू ऐडेड और संवैधानिक मूल्यों का कोर्स अनिवार्य**

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 06 जुलाई. प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों व पारंपरिक कॉलेजों में स्नातकोत्तर यानी पीजी स्तर पर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है.**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत अब पीजी द्वितीय सेमेस्टर के प्रत्येक विद्यार्थी को दो क्रेडिट का एक विशेष कोर्स चुनना अनिवार्य होगा.

मप्र उच्च शिक्षा विभाग

बता दें यह कोर्स वैल्यू ऐडेड कोर्स यानी वीएसी संवैधानिक मानव और नैतिक मूल्य (सीएचएम या फिर पर्यावरण शिक्षा और सतत विकास) श्रेणी में से होगा. जिसको लेकर उच्च शिक्षा आयुक्त की ओर से प्रदेश के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और प्राचार्यों को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी कर दिए गए हैं. वहीं विभाग द्वारा नवीन अध्यादेश के तहत सत्र 2025-26 से यह व्यवस्था पूरी तरह लागू कर दी गई है.

इस नए बदलाव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके मुख्य विषय के साथ-साथ नैतिक मूल्यों नागरिक कर्तव्यों व्यावहारिक कौशल और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है. स आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न विषयों के अंतर्गत इन श्रेणियों के स्वीकृत पाठ्यक्रम उपलब्ध करा दिए गए हैं ताकि कॉलेजों और विद्यार्थियों को चयन में कोई असुविधा न हो. विभाग द्वारा जूलॉजी के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान समाज और संवैधानिक नैतिकता मानवता और भारतीय संविधान योग और ध्यान द्वारा तनाव प्रबंधन जैसे कोर्स तैयार किए गए हैं.

# अवैध खनिज परिवहन पर तीन वाहन जप्त

## बिना अभिवहन पास गिट्टी-रेत ले जा रहे थे वाहन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 जुलाई। कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाकर तीन वाहनों को जप्त किया।**

कार्रवाई के दौरान बिना अभिवहन पास के गिट्टी का परिवहन करते पाए जाने पर एक बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरगवां थाना क्षेत्र में जप्त कर सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। वहीं वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 5171 को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर चितरंगी थाने में तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 66 जेडबी 4475 को बिना वैध दस्तावेज गिट्टी का परिवहन करते पकड़े जाने पर कोतवाली बैढ़न में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। खनिज विभाग ने बताया कि जप्त किए गए सभी वाहनों के विरुद्ध प्रचलित खनिज नियमों के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी निगरानी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार की जाएगी।

# अवैध शराब पर पुलिस का छापा, हिर्रवाह तिराहे से शराब बरामद

## भगवती मानव कल्याण संगठन ने उठाया मुद्दा, ग्रामीणों ने कार्रवाई की उठाई मांग

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 जुलाई। मुख्यालय कोतवाली थाना क्षेत्र के बैढ़न स्थित हिर्रवाह तिराहे पर अवैध शराब बिक्री की शिकायत के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब जप्त की है। मामले में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।**

जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले करीब तीन वर्षों से चार गुमटियों में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा कई बार पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को शिकायत दी गई, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी भगवती मानव कल्याण संगठन को दी गई। संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कथित रूप से अवैध शराब बिक्री की पुष्टि होने पर पुलिस अधीक्षक एवं कोतवाली थाना प्रभारी को सूचना देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा और काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। संगठन एवं स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था और सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या संरक्षण की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।




# बरसात में बदहाल हुई न्यायालय पहुंच मार्ग

## देवसर नगर की अधिकांश सड़के भी जर्जर

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 जुलाई। एनएच-39 से सटे न्यायालय पहुंच मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। बरसात के कारण सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

यह मार्ग अपर जिला सत्र न्यायालय तक पहुंचने का मुख्य रास्ता है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में वकील, पक्षकार, कर्मचारी और आम नागरिक आते-जाते हैं। इसी मार्ग से न्यायाधीशों का भी नियमित आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क की जर्जर स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पैदल चलने वालों के लिए भी यह मार्ग जोखिम भरा हो गया है। इतना ही नहीं देवसर टाउन की अधिकांश सड़के भी खस्ता हाल में हैं। नगर के कई प्रमुख मार्गों पर गड्ढे, उखड़ी हुई सड़के और जलभराव आम बात हो गई है। बरसात के मौसम में लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से सड़क मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है।



स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय पहुंच मार्ग सहित देवसर टाउन की सभी जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए, ताकि राहगीरों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## रोजगार मेले में 20 कम्पनियां युवाओं को देगीं रोजगार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 जुलाई, महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी रोड इटौरा बाईपास रीवा 15 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूलवस मेरे ड्राइविंग लाइसेंस MP19 R -2021-0134093 में मेरा नाम vishram Pratap kushwaha( विश्राम प्रताप कुशवाहा) लिखा है। जो गलत है.जबकि मेरा वास्तविक, सही नाम विश्राम कुशवाहा (vishram kushwaha) है. पिता का नाम सौखीलाल कुशवाहा है। मेरे आधार कार्ड व अन्य सरकारी रिकॉर्ड में यही उक्त नाम लिखा है. आज प्रकाशित दिनांक 07 जुलाई 2026 से सभी जगह, शासकीय रिकॉर्ड में विश्राम कुशवाहा ( vishram kushwaha) मेरे पिता का सौखीलाल कुशवाहा नाम से लिखा पढ़ा वा जाना जावे. जो सही और सत्य है जो सर्वमान्य है.

**पता - सौखीलाल कुशवाहा , अस्पताल के पास धनवाही बाबूपुर,सतना बाबूपुर मध्य प्रदेश 485811**

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (ग्रामीण) जिला सतना (म.प्र.)

क्रमांक/1244/1/अनु0अधि0/2026 सतना दिनांक /25/06/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक महाप्रबंधक, म0प्र0 जल निगम मर्यादित परि0 क्रिया0 इकाई सतना के द्वारा सतना बाणसागर - 2 ग्रामीण समूह पेयजल योजना अंतर्गत टंकी निर्माण हेतु निम्नलिखित ग्राम एवं उनके सम्मुख अंकित आराजी क्रमांक अंतर्गत भूमि का हस्तांतरण चाहा गया है:-

| क्र. | मौजा | आराजी क्र. |
|---|---|---|
| 1 | टिकुरीकला | 85/1 |
| 2 | निपनिया | 225 |
| 3 | नयागांव | 111 |
| 4 | तुर्री | 155/1 |
| 5 | कल्हारी | 192/1 |
| 6 | मुडहाकला | 313/1 |
| 7 | मसनहा | 74 |
| 8 | इटौरा | 202 |
| 9 | मेहदेई | 93 |
| 10 | हडखार | 208 |
| 11 | लोखरिहा | 59 |
| 12 | गुलुवा | 626 |
| 13 | शिवपुर | 25/1 |
| 14 | उजरौंधा | 146 |
| 15 | करसरा | 24/1 |
| 16 | सोनौर | 145/2 |
| 17 | उदयसागर /रमपुरा | 13/1 |
| 18 | पोडी | 351/1 |
| 19 | रायपुर | 259/1 259/2 |
| 20 | डेटा | 67 |
| 21 | बचबई | 371 |
| 22 | कूंची | 199/1 |
| 23 | लालपुर | 23/300 |
| 24 | भरजुनाकला | 685 |
| 25 | नौखडखुर्द | 27/1 |
| 26 | नचनौरा | 150 |
| 27 | करहीकोठार | 294 |

उक्त के संबंध में कोई भी हितबद्ध पक्षकार स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग - रघुराजनगर (ग्रामीण) जिला सतना के समक्ष सूचना जारी दिनांक से 15 दिवस के पूर्व तक दावे / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के समाप्त होने के पश्चात प्राप्त दावे एवं आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 24.6.26 को न्यायलीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर ( ग्रामीण )
जिला सतना ( म0प्र0 )

## कार्यालय कलेक्टर ( जिला शिक्षा केन्द्र ) जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )

क्र/1196/जि.शि.के./ वित्त/2026 सिंगरौली, दिनांक:- 06/07/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली अंतर्गत तीनो विकासखण्ड के परीक्षा मूल्यांकन केन्द्रों में परीक्षा उपरांत परीक्षा परिणाम की घोषणा के पश्चात्त वरिष्ट कार्यालय के निर्देशानुसार 06 माह के संधारण अवधि के बाद जिला परीक्षा समिति के अनुमत्ति उपरांत सत्र 2022-23, 2023-24 एवं सत्र 2024-25 के सम्पूर्ण उत्तर पुस्तिकाओं का प्रथम पेज विनिर्दिष्ट करते हुये शेष तीनो सत्रो की समस्त उत्तर पुस्तिका को निविदा के माध्यम से नीलामी/विक्रय की कार्यवाही की जानी है। इच्छुक एजेंसियो/फर्मों से दिनांक 22.07.2022 अपरान्ह 2.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदायें उसी दिनांक को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदाकर्ता फर्म की न्यूनतम एक लाख तक का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। साथ ही निविदा के साथ धरोहर राशि रु 20000/- का डिमांड ड्राफ्ट (जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली के नाम देय) प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। धरोहर के बिना प्रस्तुत निविदाएँ स्वीकार नहीं की आवेगी। कोई भी या समस्त निविदाएँ बिना कारण बतायें अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली को रहेगा विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा केंद्र सिंगरौली से कार्यालयीन समय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र, सिंगरौली**

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति श्री सुभाष कुमार मिश्रा उर्फ राजू वर्ष 2011 से लापता है, वर्ष 2011 से उनकी कोई खोज खबर मुझे या मेरे ससुराल या मायके वालो को नही मिली है, इस नोटिस के जरिये आपसे अपेक्षा की जाती है कि यदि किसी को भी सुभाष कुमार मिश्रा उर्फ राजू के बारे मे कोई भी जानकारी हो तो कृपया नीचे लिखे फोन नंबर पर मुझे सूचित करे। यदि मेरे पति जीवित है तो उनसे भी आशा करती हूँ कि वह मुझसे या अपने पुत्र विवेक मिश्रा से सम्पर्क करे।

**भवदीय**
**शीतल मिश्रा पत्नी श्री सुभाष कुमार मिश्रा उर्फ राजू, निवासी -आदर्श नगर पश्चिमी हवाई पट्टी सतना म0प्र0, मो0नं0- 7898933200**


# पेज एक के शेष

## भोपाल बनेगा इंडस्ट्री हब

की पहचान बनेगा. अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे. भोपाल औद्योगिक नगरी के रूप में नई पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. यहां से प्रदेश के विकास का नया सूर्योदय हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक निवेशकों के साथ 86 हजार करोड़ के एमओयू साइन हुए हैं. प्रदेशभर में हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा. प्रदेश की बहनों को भी हर महीने सौगात मिल रही है, अब तक मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना में राज्य सरकार 50 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को जारी कर चुकी है. बहनें रोजगार आधारित उद्योगों में काम करेंगी तो उन्हें 5000 रुपए अलग से मिलेगा. प्रदेश में विरासत से विकास का कारवां जारी है. हमारे सभी देवस्थान अपनी अलग पहचान बना रहे हैं. राज्य सरकार रामराज्य की प्रेरणा से हर वर्ग के लिए रोजगार, भोजन और आवास सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रही है।

## इसी माह आएगा यूसीसी

आएगा. उन्होंने कहा कि हिंदू भाई एक शादी करता और सात फेरे लेता है, सभी के लिए एक की कानून होना चाहिए. कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती है, वह बाद में फिर दावा करेगी कि यह कानून किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं है. उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों को ये बात याद रखना चाहिए कि समान नागरिक संहिता हर हाल में प्रदेश में लागू की जाएगी. इसके लिए प्रदेश की जनता से राय ली गई है. 10 लाख से अधिक लोगों ने सुझाव दिया है. हम चाहते तो सीधे विधानसभा में बिल ला सकते थे, लेकिन हम जनता की राय के आधार पर फैसला कर रहे हैं. सीएम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश - एक विधान - एक निशान - एक प्रधान की बात कही थी. उनके इस संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार इसी माह यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001

क्रमांक- 968/जन.वि./ ई-टेण्डरिंग / 2026 (जनकार्य एवं उद्यान विभाग) खण्डवा,दिनांक- 03/07/2026

**-:: निविदा विज्ञप्ति ::-**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _519186_1 | सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में सी. सी. रोड़, नाली निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 20.00 Lacs | 20,000/- | 2,000/- | 60 दिन |
| 2 | 2026_UAD _519193_1 | जवाहरगंज वार्ड में आर.सी.सी. नाली निर्माण का कार्य। | 19.98 Lacs | 19,980/- | 2,000/- | 60 दिन |
| 3 | 2026_UAD _519208_1 | पदमकुंड वार्ड में दुबे कॉलोनी में महादेव मंदिर से मारकंडे जी के मकान तक सी.सी. रोड़ निर्माण का कार्य। | 12.28 Lacs | 12,280/- | 2,000/- | 60 दिन |
| 4 | 2026_UAD _519214_1 | झिलोध्यान स्थित भैरवतालाब की रिटेनिंग वाल निर्माण का कार्य। | 24.52 Lacs | 24,520/- | 5,000/- | 60 दिन |

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक : - 03/08/2026 (शाम 5:30 बजे तक)

निविदा खोलने की दिनांक :- 05/08/2026 (प्रातः 10:30 बजे तक)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, खण्डवा